भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 504
25 जुलाई, 2024 को उत्तर देने के लिए

पीएमएफएमई के तहत इनक्यूबेशन सेंटर

504. श्री सी.एम. रमेश:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र पदेश राज्य में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत अनुमोदित इन्क्यूबेशन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनुमोदित इनक्यूबेशन केन्द्रों को चालू कर दिया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उन्हें कब से शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) आन्ध्र प्रदेश में उपर्युक्त इन्क्यूबेशन केन्द्रों में से प्रत्येक के लिए स्वीकृत, अनुमोदित, जारी और व्यय की गई निधियों का केन्द्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) आन्ध्र प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत अब तक प्रशिक्षण प्राप्त किए गए व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में तिरुपति और विशाखापत्तनम जिलों में स्थित दो इन्क्यूबेशन केंद्रों को अनुमोदित किया गया है।

(ख): नहीं, महोदय

(ग): आंध्र प्रदेश राज्य में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत अनुमोदित इन्क्यूबेशन केंद्रों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	जिला	मेजबान संस्थान का नाम	अनुमोदित अनुदान सहायता (लाखों में)	जारी की गई अनुदान सहायता (लाखों में)
1.	तिरुपति	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)	260.75	238.00
2.	विशाखापत्तनम	आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, अनकापल्ले में	350.00	100.00

(घ): योजना के क्षमता निर्माण घटक के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश राज्य में 31 मास्टर प्रशिक्षकों (एमटी), 59 जिला स्तरीय प्रशिक्षकों (डीएलटी), 26 जिला संसाधन व्यक्तियों (डीआरपी) और 7329 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

*****